35303

Reg. No. | | | | | | | |

# III Semester B.B.A/B.B.A.M/B.H.M. Degree Examination, March-2021

## HINDI

## Natak, Sarakari, Patralekhan, Sankshepan

## (CBCS Semester Scheme Freshen)

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 70**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए।** **(10×1=10)**

1. अफसर की बेटी का नाम क्या था?
2. जज के दरवाजे पर कौन दस्तक देता है?
3. चोर के जीवन में रागिनी के आने के बाद कौन से बदलाव आगए थे?
4. फिल्म प्रोड्यूसर का फ्रिज खोलकर चोर ने क्या पिया?
5. प्रोड्यूसर ने चोर को पहले कितने रुपये देने की बात कही?
6. आखिर फिल्म प्रोड्युसर ने चोर को कितने रुपये दिए?
7. चोर ने पचास हजार रुपये किसे दिया?
8. कितने साल के बाद जज की बेटी लौट रही थी?
9. जज की बेटी के कितने बच्चे थे?
10. टाटा नगर में कौन रहती थी?

St. Francis College LIBRARY Koramangala, B'lru-34

**II किन्हीं दो की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए।** **(2×6=12)**

अ) आइ एम सारी सर! तो आप की घड़ी उतनी ही
पुरानी है....... जितने हमारे कानून।

आ) जेल में बड़े काम के आदमी हैं। ऐसी सलाह
देते हैं कि क्या कहे.... हमारी बैरक में थे।
विद्वान आदमी साब। अब आज का पूरा प्लान....
बस उन्हीं का सुझाया हुआ है।

St. Francis College LIBRARY Koramangala, Bengaluru-34

इ) "साले मैं सीधे पुलिस कमीशनर और इनकमटैक्स
दोनों को फोन करुँगा। इधर मैं अंदर तो उधर तुम अंदर....."

ई) अदालत के बाहर पहली बार किसी चोर से
बात करने का मौका मिला.... आगे शायद
कभी न मिले।

**III.** 1. "आधी रात के बाद" नाटक के आधार पर समकालीन समस्याओं पर चर्चा कीजिए। **(1×12=12)**

अथवा

2. 'चोर' का चरित्र चित्रण अपने शब्दों में लिखिए।

**IV किसी एक पर टिप्पणी लिखिए।** **(1×6=6)**

1. फिल्म प्रोड्यूसर।

2. रागिनी।

**V. पत्र लेखन (कोई दो) (2×10=20)**

1. कर्नाटक सरकार ने डिजिटल एजुकेशन को बढ़ावा देते हुए लर्निंग मेनेजमेंट सिष्टम (एल एम एस) को सभी सरकारी कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए जारी किया है उच्च शिक्षा विभाग, कर्नाटक सरकार द्वारा इसका एक सरकारी कार्यालय आदेश का प्रारुप बनाइए।

2. स्वास्थ्य विभाग, कर्नाटक सरकार द्वारा कोरोना के संबंध में प्राप्त आदेश को जारी करने के लिए आयुक्त बी.बी.एम पी. बेंगलूरू द्वारा अपने सारे अधीन कार्यालयों को सूचित करने हेतु एक परिपत्र तैयार कीजिए।

3. बेंगलुरु नगर विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त उपाधि की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना का प्रारुप तैयार कीजिए।

**VI. दिए गए परिच्छेद का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए। (1×10=10)**

सहकारिता की आवश्यकता है – खेती की व्यवस्था में सहायता के लिए गाँवों में माल तैयार करने के लिए और ग्रामीणों की आवश्यकता के अनुसार कर्ज आदि देने के लिए। इसके लिए आवश्यकता है पूरे गाँव को एक परिवार के समान परस्पर सहयोग से काम करने और रहने की। इसके लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र गाँव है। जहाँ के लोग गरिब है और अपने साधनों का समुचित उपयोग नहीं कर पाते। उनके पास धन की कमी होती है जिसमें वे समय पर अपने व्यवसाय में पूँजी नहीं लगा पाते। इससे उन्हें कर्ज दिलाने की व्यवस्था होनी चाहिए और उन्हें इस योग्य बनाना चाहिए कि वे कर्ज को समयानुसार चुका सके। इसकी आवश्यकता इसलिए भी है कि सभी वर्गों को उन्नति का समान अवसर प्राप्त हो सके इसका ध्येय केवल गांवों की आर्थिक व्यवस्था सुधारना नहीं है। बल्कि उसके विकास का पुरा प्रयास करना है। इसके दो मार्ग है। भूमि के स्वामित्व के भेद को मिटाकर पूर्ण रुप से सहकारी खेती की व्यवस्था करना ताकि सब की भूमि रहे और सब लोग मिलजुल कर काम करे।

---

St. Francis College ★ Koramangala, Bengaluru-34 ★ LIBRARY